सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 315 | इंदौर, मंगलवार 28 मई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## बुर्का पहन शादी करने पहुंची हिंदू लड़की

### वकीलों ने विरोध कर पुलिस को दी सूचना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा।** रीवा में उस वक्त तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। जब एक हिंदू लड़की शादी करने के लिए बुर्का पहनकर रीवा कोर्ट पहुंची। भोपाल से लापता हुई लड़की दूसरे धर्म के प्रेमी के साथ शादी करने रीवा कोर्ट पहुंची। लेकिन दोनों के नाम देखने के बाद अधिवक्ताओं ने इसका विरोध किया और पुलिस को सूचना दे दी। कुछ ही देर में इसकी भनक हिंदू संगठनों को भी लग गई। देखते ही देखते हिंदू संगठनों ने इसका विरोध शुरू कर दिया।

जानकारी के मुताबिक भोपाल के रहने वाले युवक-युवती का प्यार इस कदर परवाना चढ़ा कि दोनों ने समाज के बंधन और नियमों को तोड़ते हुए शादी करने का फैसला किया। लेकिन जब शादी के लिए युवती के परिजन राजी नहीं हुए तो दोनों ने भागकर शादी करने का फैसला लिया। पुलिस के मुताबिक युवक मुस्लिम समाज का है और लड़की हिंदू समाज के ब्राह्मण परिवार से है। जिस वजह से उसके परिजन शादी के लिए राजी नहीं थे। दोनों शादी के लिए रीवा कोर्ट पहुंचे जहां वे कोर्ट मैरिज के लिए पेपर तैयार करवाने लगे। जब युवक-युवती अपना नाम बताने लगे तो अधिवक्ताओं ने शादी का विरोध करते हुए इस मामले से संबंधित शिकायत सिविल लाइन थाने में कर दी। पुलिस के आने की सूचना पाकर युवक मौका पाकर न्यायालय परिसर से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती को थाने लाकर पूछताछ शुरू की। पूछताछ में युवती ने पुलिस को बताया कि मैं भोपाल की रहने वाली हूं। मैं शाहबाज खान के साथ भागकर यहां शादी करने के लिए आई हूं। सूचना पाकर हिंदू संगठन के लोग भी थाने पहुंच गए। हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने पूरे मामले को लव जिहाद से जोड़ते हुए कार्रवाई की मांग की है। सिविल लाइन थाना प्रभारी कमलेश साहू ने बताया कि लड़की की गुमशुदगी की रिपोर्ट भोपाल में पहले से दर्ज है। भोपाल पुलिस को सूचना दे दी गई है। जहां से टीम रवाना हो चुकी है।

## रेप के आरोपी का शॉर्ट एनकाउंटर, घर में घुसकर किया था दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** मंगलवार सुबह पुलिस ने शॉर्ट एनकाउंटर में रेप के आरोपी को पकड़ा है। आरोपी ने पुलिस को देखकर फायरिंग की। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसके घुटने में गोली लगी और वह वहीं गिर पड़ा। 22 मई की रात 2 बजे आरोपी कोमल खटीक ने घर में घुसकर 22 साल की युवती से रेप किया था।

# 15 करोड़ की अवैध शराब जब्त

### 9 ट्रक-कंटेनर से ग्वालियर से दमन जा रही थी, झाबुआ में पकड़ाई

सोमवार शाम को गुजरात सीमा के पास झाबुआ जिले के पिटोल क्षेत्र में पुलिस और आबकारी विभाग ने करोड़ों रुपए की अवैध शराब पकड़ी है। इस कार्रवाई में करीब 15 करोड़ रुपए से अधिक की शराब, 9 ट्रक और एक कंटेनर जब्त किया गया। यह शराब ग्वालियर से भरकर दमन जा रही थी, लेकिन परमिट की अवधि समाप्त होने के कारण इसे पकड़ा गया।

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**झाबुआ। चौकी प्रभारी पलवी भाबर ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ट्रक जो ग्वालियर से दमन जा रहा है, उसका परमिट का समय खत्म हो गया है। जिसके आधार पर चौकी प्रभारी और उनकी टीम ने ट्रक को रोककर परमिट देखा तो परमिट खत्म हो चुका था। जिसके आधार पर ट्रक को जब्त कर चौकी लाया गया, ट्रक में मंहगी शराब मिली।**

इसी प्रकार आबकारी विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्वालियर से दमन जा रही शराब के कई ट्रकों का परमिट समाप्त हो चुका है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आबकारी प्रभारी बसंती भूरिया ने टीम बनाकर पिटोल चेक पोस्ट से पहले पर विशेष नाकाबंदी की।

इस दौरान 8 ट्रक और एक कंटेनर को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें



यह भारी मात्रा में हाई रेंज शराब बरामद की गई। इस दौरान पुलिस ने कुल 15 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की शराब बरामद की है। यह शराब उच्च गुणवत्ता वाली थी और इसे विशेष पैकेजिंग में छिपाया गया था। मामले में आबकारी और पुलिस ने ट्रक चालक और सहायकों को पकड़ कर पूछताछ जारी है।

पुलिस और आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान अवैध शराब के कारोबार को खत्म करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्रवाई से न केवल अवैध कारोबार पर अंकुश लगेगा, बल्कि राजस्व की भी बचत होगी।

| इन गाड़ियों से पकड़ी अवैध शराब |
|---|
| MP 07 hb 4946 |
| MP 07 hb 7323 |
| MP 07 hb 8177 |
| GJ 27 TD 6062 |
| MP 09 hg 0491 |
| Mp 07 hb 4648 |
| UP 78 bt 8699 |
| UP 78 ct 3224 |
| MP 07 hb 4293 |
| RJ11GB 2565 |

# अमानवीयता : युवक को किडनैप कर पेशाब पिलाई

### जूतों की माला और महिलाओं के कपड़े पहनाए, मुंडन किया, फिर पूरे गांव में घुमाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना। गुना के बंजारा समुदाय के एक युवक के साथ अमानवीयता का मामला सामने आया है। उसके ही रिश्तेदारों ने उसका अपहरण कर तीन दिन तक बंधक बनाकर रखा। उसे जूतों की माला और महिलाओं के कपड़े पहनाए, मुंह पर कालिख पोतकर बाल भी काट दिए। फिर उसे इसी हाल में पूरे गांव में घुमाया। युवक का आरोप है कि उसके साथ मारपीट करने के साथ उसे पेशाब भी पिलाई।**

फतेहगढ़ पुलिस ने मामले में सोमवार रात 11.37 बजे 7 आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित युवक ने घटना 22 मई की बताई है। फतेहगढ़ थाने



के प्रभारी कृपाल सिंह ने बताया कि आरोपी राजस्थान के रहने वाले हैं।

महेंद्र सिंह पुत्र फूल सिंह बंजारा के अनुसार, वह खेतों में घूरा (खाद) फेंकने का काम करता है। सोदान सिंह, गुमान सिंह और ओमकार सिंह के साथ 10-12 लोग एक जीप में उसे ले गए। इसके बाद बदन बंजारा, छोटू बंजारा, रमेश बंजारा, तोफान बंजारा, प्रेम बंजारा, गेंदा सिंह, कालूराम, गुलाब और मथरी बाई आदि ने मारपीट की। उसे घांगरा और जूतों की माला पहनाई, पेशाब पिलाई।

#### 20 लाख की जमात भरने के बाद छोड़ा

महेंद्र के अनुसार, आरोपी उसे बुधवार को किडनैप कर पाटन, राजस्थान के झालावड़, अटरू आदि जगहों पर घुमाते रहे। इसके बाद मारपीट के वीडियो डालकर 25 लाख रुपए मांगे। फूल सिंह के अनुसार पुलिस ने दबाव बनाया और वह 20 लाख की जमात (तीन दिन में रुपए चुकाने का वादा) भरकर आया, तब जाकर उन्होंने लड़के महेंद्र को शनिवार को छोड़ा। इसके बाद झागर चौकी पर गए तो पुलिस ने कार्रवाई नहीं की, उल्टा पुलिस रुपए मांग रही है। अब हम कार्रवाई के लिए हाईकोर्ट में जा रहे हैं।

#### युवक झूठ बोल रहा है -थाना प्रभारी

इस मामले में धरनावदा थाना प्रभारी राजेंद्र चौहान का कहना है कि फरियादी झूठ बोल रहा है। वह अपने जीजा के साथ खुद चला गया था। इनका झगड़ा टूटना था और उसके लिए पंचायत होनी थी। पंचायत होती तो इन्हें लड़के वालों को रुपए देने पड़ते। इससे बचने के लिए यह चाह रहे हैं कि अपहरण की कायमी हो जाए। वह खुद दूसरी पार्टी के साथ गया था और वहां थोड़ी बहुत मारपीट हो गई।

#### दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी - एसपी

गुना एसपी संजीव सिंहा का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। जब फरियादी मेरे पास आया तो उसे पुलिस टीम के साथ फतेहगढ़ थाना भेज दिया है। उसके साथ मारपीट राजस्थान में हुई है, लेकिन अपराध हमारे यहां से शुरू हुआ है और उसका अपहरण किया गया है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पर्यावरण संरक्षण एवं सुधार के लिए वृक्षारोपण का महा अभियान चलाया जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले में पर्यावरण संरक्षण एवं सुधार के लिए वृक्षारोपण का महा अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान की व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। अभियान के अंतर्गत समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही शासकीय विभागों की रिक्त भूमियों पर भी सघन वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर श्री आशीष सिंह विभागों को जिम्मेदारी सौंपते हुए लक्ष्य भी निर्धारित किए हैं।**



कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में आज यहां समय-सीमा के पत्रों के निराकरण (टी.एल.) की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में एडीएम श्री रोशन राय, अपर कलेक्टर गौरव बेनल, श्रीमती सपना लोवंशी, श्रीमती निशा डामोर, श्री राजेन्द्र सिंह रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। जिले में आगामी दिनों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण किये जाने के लिए कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने समस्त विभागों के अधिकारियों को रिक्त शासकीय/अशासकीय भूमि, ग्रीन बेल्ट की भूमि का सही आकलन किये जाने के निर्देश दिये हैं। श्री सिंह ने कहा कि छोटी-छोटी रिक्त शासकीय भूमि पर वृक्षारोपण किये जाने से ये भूमि अतिक्रमण मुक्त रहेंगी। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक रिक्त भूमि होने से वृक्षारोपण बड़ी संख्या में हो सकेगा लेकिन शहरी क्षेत्र में रिक्त भूमि कम होने से छोटे-छोटे हिस्सों में वृक्षारोपण किया जा सकता है। उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत को निर्देश दिये कि बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किये जाने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने विभागीय गतिविधियों विस्तार से समीक्षा की।

## बिजली कंपनी के सीजीएम ने किया लायब्रेरी, जिम, बैडमिंटन केंद्र का दौरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर के निर्देशन में कल्याणकारी, शिक्षाप्रद गतिविधियों का संचालन भी किया जा रहा है। इसी क्रम में कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) रिंकेश कुमार वैश्य ने सोमवार शाम पोलो ग्राउंड मुख्यालय स्थित ज्ञानमित्र लायब्रेरी का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं से भी चर्चा की। लायब्रेरी में मौजूद किताबों, समाचार पत्रों व अन्य पठन- पाठन की सामग्री की जानकारी ली। श्री वैश्य ने जिम का भी निरीक्षण किया, इसके बाद बैडमिंटन कोर्ट का भी दौरा किया। वहां भी आने वाले खिलाड़ियों एवं विद्युत कर्मचारी, अधिकारियों के बारे में जानकारी ली। श्री वैश्य ने तीनों ही केंद्रों का कुशलतापूर्वक संचालन करने, स्वच्छता, समय पालन इत्यादि को लेकर ध्यान देने के निर्देश भी दिए।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी - प्रेक्टिस प्रारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सिलवर स्प्रिंग रहवासी सोसायटी में योग दिवस और उत्तम स्वास्थ्य की जागरूकता के लिए एक माह का योग शिविर लगाया गया है।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस , जो प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 का विषय अथवा थीम मानवता है । योग दिवस समारोह का उद्देश्य योग की समग्र प्रकृति के बारे में जागरूकता पैदा करना तथा उत्कृष्ट कल्याण के लिए लोगों को इसे अपने दैनिक जीवन में सम्मिलित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। आगामी आने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर्व के उपलक्ष्य में सिल्वर स्प्रिंग रहवासी संस्था द्वारा योग भगाए रोग के विषय/थीम पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूर्व नियमित योगाभ्यास टाउनशिप के दो योग प्रशिक्षक श्रीमती रजनी खेतान तथा श्रीमती नीतू मित्तल द्वारा कराया जा रहा है, जो सभी सदस्यों के लिए खुला है ।

## समाजसेवी विनोद अग्रवाल आज होंगे सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। देवी श्री अहिल्या जन्मोत्सव समिति, इंदौर सुप्रसिद्ध उधोगपति एवं समाजसेवी विनोद अग्रवाल को देवी अहिल्या नगर गौरव सम्मान से सम्मानित करेगी। आयोजन 28 मई मंगलवार की शाम को 7 बजे जाल सभाग्रह में होगा। यह जानकारी देते हुए समिति की मुख्य संरक्षक एवं पूर्व संस्क्रति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर एवं सस्कृतिकर्मी जयंत भिसे ने बताया कि उक्त सम्मान समारोह लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर के 299 वे जन्मोत्सव के तहत आयोजित है जिसकी शुरूआत 28 मई से हो रही है। समारोह अंबेडकर विश्व विधालय महू के कुलपति रामदास अतराम के मुख्य आतिथ्य में एवं देवी अहिल्या विश्वविधालय इंदौर की कुलपति डॉ रेणु जैन की अध्यक्षता में होगा। सम्मान में श्री अग्रवाल को शाल, श्रीफल, होलकर पगड़ी,प्रतीक चिन्ह के साथ एक लाख एक हजार एक सौ ग्यारह रुपये की सम्मान राशि भेंट की जायेगी।

## हाईकोर्ट समय बदलाव आदेश वापस लें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रितेश इनानी ने चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर हाई कोर्ट का समय पहले की तरह सुबह साढ़े दस बजे से और भोजनावकाश का समय डेढ़ से ढाई करने की मांग की है। रितेश इनानी के पत्र के बाद हाई कोर्ट के समय में किए गए बदलाव को वापस लेने की मांग जोर पकड़ने लगी है। हाई कोर्ट बार एसोसिशन इंदौर की और से चीफ जस्टिस को लिखे पत्र में कहा गया है कि समय में किए गए बदलाव से वकीलों और पक्षकारों को कई व्यावहारिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तेजी से विकसित होते शहर में कई किमी दूर भी कालोनियां बस गई हैं और कई वकील इन्हीं कालोनियों में रहते हैं। उन्हें समय पर कोर्ट पहुंचने में हड़बड़ी करनी पड़ती है। इससे उनके स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। उन्हें सुबह प्रकरणों के अध्ययन के लिए भी समय नहीं मिल रहा है। वहीं 40 वर्ष से अधिक आयु के ज्यादातर वकील उच्च रक्तचाप या अन्य बीमारियों से पीड़ित हैं।

## मतगणना स्थलों पर वीडियो/सीसीटीवी के माध्यम से कवरेज हेतु दिशा-निर्देश जारी

### मतगणना प्रकिया एवं ईव्हीएम के मुवमेन्ट संबंधी गतिविधियों पर रखी जायेगी निगरानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन द्वारा मतगणना हेतु वीडियो/सीसीटीवी कवरेज के लिए दिशा-निर्देश जारी किये है। मतगणना स्थलों पर वीडियो/सीसीटीवी के माध्यम से मतगणना प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सकें।**

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्रसिंह रघुवंशी ने बताया है कि मतगणना 04 जून 2024 के संबंध में संपूर्ण मतगणना प्रकिया एवं ईव्हीएम के मुवमेन्ट संबंधी गतिविधियों की निगरानी हेतु प्रत्येक मतगणना कक्ष में अंदर की ओर 4 एवं मतगणना केन्द्र पर बाहर की ओर (परिसर में) अधिकतम दस कैमरे तक लगाये जा सकेंगे। निर्देशों के अनुक्रम में प्रति विधानसभा 4 कैमरे लगाये जायेंगे। इंदौर जिले की सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 94 कुल 36 कैमरों सहित पोस्टल बैलेट कक्ष क्रमांक ल-10 में 4 कैमरे एवं मतगणना स्थल परिसर में कुल 10 कैमरे इस प्रकार कुल 50 सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाये जायेंगे। मतगणना दिवस के दो दिवस पूर्व कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस संबंध में प्रभारी डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी श्री अजय भूषण शुक्ला द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

## श्री मनाचे श्लोक का अनावरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अखिल भारतीय कीर्तन प्रसारक मंडल के सानिध्य प्रयास से लोकमान्य नगर के मंगल भवन में तीन दिनी राम कथा हो रही है। इस आयोजन में समीर लिमये महाराज राम कथा सुना रहे हैं और अभय माणके राम गीत गा रहे हैं। संजय मुले, भावना सालकाडे, मंदार कुलकर्णी ने बताया कि पहले दिन समीर लिमये की किताब श्री मनाचे श्लोक का फीता खोला गया। मेहमान पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन और अण्णा महाराज थे।

## युवक-युवती परिचय सम्मलेन 18 अगस्त को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लोकमान्य नगर भगिनी मंडल का 36वां अखिल भारतीय महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन 18 अगस्त को मंगल भवन, लोकमान्य नगर में आयोजित किया जाएगा। युवक-युवती परिचय सम्मेलन के आवेदन-फार्म 30 जून तक ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। साथ परिचय सम्मेलन में भाग लेने वाले युवक-युवती के 15 जून से 30 जून तक कार्यालय सांस्कृतिक भवन लोकमान्य नगर में रजिस्ट्रेशन किए जाएंगे। इसमें मुख्य अतिथि अध्यक्ष मंगला फड़के होंगी। आयोजन की प्रमुख सचिव अपर्णा भागवत, माधुरी पेंडसे और अनिता ढमढेरे ने बताया कि परिचय सम्मेलन में विधवा, विधुर, तलाकशुदा आदि युवक-युवतियों के आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन फार्म 30 जून 2024 तक ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। सम्मेलन के लिए युवक-युवतियों का 15 से 30 जून तक, शाम 6 से रात 8 बजे तक कार्यालय सांस्कृतिक भवन, लोकमान्य नगर में रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। रविवार के अलावा शासकीय छुट्टी पर भी कार्यालय खुला रहेगा।

## माहेश्वरी समाज संयोगितागंज का आयोजन 9 जून को

इंदौर। श्री माहेश्वरी समाज संयोगितागंज युवा और सखी संगठन द्वारा 9 जून को दौड़ का आयोजन किया गया है। इसमें हिस्सा लेने वाले धावक जल संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता का संदेश देंगे। यह मैराथन दौड़ तीन कैटेगिरी की होगी। इसमें धावक 3, 5 और 10 किलोमीटर में दौड़ लगाएंगे। मैराथन समिति के अध्यक्ष भरत डागा और भावना लाहोटी ने बताया कि इस दौड़ के जरिए शहर के पर्यावरण में भी नंबर वन बनाने में शहरवासियों की भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में युवा और सखी संगठन के सदस्य भाग लेंगे।

## समय-सीमा में प्रस्तुत हों उच्च न्यायालय में जवाब दावे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने कहा है कि सभी विभागों के प्रभारी अधिकारी माननीय उच्च न्यायालय में चल रहे प्रकरणों में समय-सीमा के भीतर जवाब दावे प्रस्तुत करें। मानहानि के प्रत्येक प्रकरण का अध्ययन करें। जिन प्रकरणों में अपील की जाना है उनमें अपील समय-सीमा के भीतर हो। पालन की स्थिति में पूरे वैधानिक तरीके से पालन किया जाना सुनिश्चित करें। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने शासन के नवीन परिपत्रों का अध्ययन करने के निर्देश भी सभी अधिकारियों को दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा आयोजित इस बैठक में माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में वर्ष 2010 से 2024 तक जवाब हेतु लगे प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त आयुक्त लिटिगेशन सुश्री सैली कनाश, सहायक आयुक्त सुश्री रेखा सचदेव सहित इंदौर संभाग के सभी जिलों के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में वर्ष 2010 से 2024 तक समस्त विभागों के रिट याचिका से संबंधित कुल 20 हजार 544 प्रचलित प्रकरण हैं इनमें से 14 हजार 627 में जवाब दावा प्रस्तुत किया जा चुका है और 5 हजार 917 प्रकरणों में जवाब दावा प्रस्तुत किया जाना है। वहीं अवमानना के कुल 431 प्रकरण हैं जिनमें 220 में जवाब दावा प्रस्तुत किया जा चुका है।

## 37 वें हिंदू सर्वजातीय परिचय सम्मेलन में 18-20 रिश्ते तय

इंदौर। गुरु विरजानंद वैदिक ट्रस्ट एवं आर्य समाज संचार नगर इंदौर के तत्वाधान में आयोजित 37 वें हिंदू सर्वजातीय परिचय सम्मेलन में 18-20 रिश्ते तय हुए। सम्मेलन में अविवाहित के अलावा विधवा, विदूर, तलाकशुदा, अधिक आयु के प्रत्याशियों ने भी अपना परिचय दिया।

# इंदौर में चौड़ा होगा सुभाष मार्ग, 30 मीटर होगी चौड़ाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** चार जून को आचार संहिता समाप्त होते ही सुभाष मार्ग चौड़ीकरण की कार्रवाई शुरू हो जाएगी। इस सड़क की चौड़ाई 30 मीटर (100 फीट) होगी। चौड़ीकरण में बाधित 400 से ज्यादा निर्माण चिह्नित किए जा चुके हैं। निविदा बुलाने के साथ ही बाधित निर्माणों को हटाने का काम शुरू हो जाएगा।

सुभाष मार्ग के चौड़ीकरण के बाद एमजी रोड पर यातायात का दबाव कम होगा। इससे शहर के यातायात को सुगम बनाने में भी मदद मिलेगी। पिछले दिनों नगर निगम ने राज्य शासन को पत्र लिखकर सड़कों के अधूरे काम के लिए शासन से मदद मांगी थी। राज्य शासन से निगम को 462 करोड़ रुपये की राशि सड़कों के काम के लिए मिल चुकी है। सुभाष मार्ग चौड़ीकरण का काम लंबे समय से अटका हुआ है। इसकी चौड़ाई को लेकर भी विवाद रहा है। करीब आठ माह पहले नगर निगम की टीम ने सड़क के बीचोबीच मार्किंग कर चौड़ीकरण में बाधित मकानों पर निशान भी लगा दिए थे, लेकिन इसके बाद भी चौड़ीकरण का काम शुरू नहीं हुआ। दरअसल चौड़ाई को लेकर रहवासी विरोध कर रहे हैं। वे इसकी चौड़ाई 80 फीट करने को लेकर अड़े हुए हैं, जबकि निगम इसकी चौड़ाई 100 फीट करना चाहता है। नगर निगम ने चिकमंगलूर चौराहा से जिंसी चौराहा (गोल मंदिर) तक 400 से ज्यादा निर्माण चिह्नित किए हैं जो चौड़ीकरण की जद में आ रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि अगर सड़क की चौड़ाई 80 फीट कर दी जाए तो कई निर्माण बचाए जा सकते हैं। सुभाष मार्ग चौड़ीकरण की योजना वर्षों पुरानी है। अतिक्रमण की वजह से कई जगह इस सड़क की चौड़ाई इतनी कम है कि रोजाना जाम की स्थिति बनती है। रामबाग, इमली बाजार, बड़वाली चौकी, जिंसी चौराहों पर अक्सर जाम लगा रहता है। हाफ रिंग बन जाएगीनिगम के अधिकारियों के मुताबिक सुभाष मार्ग चौड़ीकरण पूरा होने के बाद अग्रसेन चौराहा, माणिक बाग, कलेक्टर कार्यालय, महू नाका, गणेशगंज होते हुए चिकमंगलूर चौराहा तक काम पूरा हो जाएगा।



# इंदौर में भाजपा की परिषद के 18 माह का कार्यकाल पूरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर में भाजपा की परिषद के 18 माह का कार्यकाल पूरा हो चुका है, लेकिन इस समय में कोई ठोस काम जमीन पर नजर नहीं आया। बड़े फैसलों के रुप में हुकमचंद मिल मजदूरों को हाऊसिंग बोर्ड से 218 करोड़ रुपये दिलाना ही निगम की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। बाकी ज्यादातर फैसलों में नगर निगम को यू टर्न लेना पड़ा।

गांधी हॉल को निजी हाथों में देने का फैसला हो या, निगम कर्मचारियों को सेना जैसी वर्दी पहनाने का मामला। हल्ला मचने पर मेयर ने इन फैसलों को लागू ही नहीं किया। राजवाड़ा पर अहिल्या लोक बनाने का मुद्दा भी गरमाने के बाद निगम ने फैसला रद्द कर दिया। नगर निगम ने बांड जारी कर 300 करोड़ रुपये एकत्र किए थे, लेकिन उस राशि से भी जलूद में सोलर प्लांट अभी तक नहीं लग सका। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत 20 करोड़ रुपये खर्च कर नगर निगम ने गांधी हॉल को संवारा। फिलहाल हॉल का कोई उपयोग नहीं हो पा रहा है। यहां म्यूजियम या अन्य गतिविधियां संचालित हो सकती है। नगर निगम ने इसे निजी हाथों में सौंपने का फैसला लिया था, लेकिन कांग्रेस ने विरोध किया तो फैसला मेयर पुष्य मित्र भार्गव को पलटना पड़ा। दो साल से गांधी हॉल को लेकर कोई फैसला नहीं लिया जा सका। अब उसके कुछ दरवाजे और शीशे टूट गए है। सिलिंग भी कुछ हिस्सों में उखड़ गई है। गांधी हॉल फिर बेहाल है। नगर निगम के बजट में मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने अहिल्या लोक बनाने की घोषणा की थी। इसके तहत राजवाड़ा चौक व उद्यान का विकास करना था। राजवाड़ा पर वाहनों की एंट्री बैन करने का फैसला भी इसमें शामिल था, लेकिन जब व्यापारियों और कांग्रेस ने इस प्रोजेक्ट का विरोध किया तो भाजपा परिषद को इस फैसले को भी रद्द करना पड़ा। नगर निगम की रिमूवल गैंग को हरे रंग की ड्रेस पहनाने का फैसला नगर निगम ने लिया, जिसका रंग सेना की वर्दी से मिलता-जुलता था। जब इसका विरोध शुरू हुआ तो मेयर भार्गव इसके पक्ष में आए।

मेयर ने कहा कि इससे सेना का अपमान नहीं होगा। कर्मचारियों में एकरुपता और अनुशासन के लिए यह ड्रेस दी गई है। पूर्व सैनिकों के संघ ने भी जब विरोध की तैयारी की तो फिर अचानक यह फैसला भी ठंडे बस्ते में चले गया।

# अपर संचालक भोपाल द्वारा इंदौर में शिक्षा विभाग की समीक्षा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अपर संचालक लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल श्री आर.के. सिंह द्वारा संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, संभाग इंदौर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, संयुक्त संचालक, विधि, डीईओ, डीपीओ इंदौर एवं इंदौर जिले के समस्त सी.एम. राईज विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे। श्री आर.के. सिंह द्वारा सी.एम. राईज विद्यालयों के परीक्षा परिणामों की गहन समीक्षा की गयी एवं आगामी सत्र में बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए अभी से कार्य योजना तैयार कर कार्य करने के निर्देश दिए गये। श्री आर.के. सिंह यह भी निर्देश दिये गये आगामी सत्र 2024-25 के लिए जिला स्तरीय निरीक्षण दल एवं संभाग स्तरीय निरीक्षण दल विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान आकादमिक निरीक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाये।

उन्होंने सी.एम. राईज विद्यालय शा.उ.मा.वि शिवाजी राव इंदौर का परीक्षा परिणाम सबसे कम होने पर अप्रसन्ता व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि 50 प्रतिशत-60 प्रतिशत परिणाम देना सी.एम. राईज विद्यालय का उद्देश्य नहीं है। कुछ सी.एम. राईज विद्यालयों ने अच्छे परिणाम भी दिए है, जिसके लिए उनका भी सम्मान किया जाना चाहिए। जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी विषयवार ग्रुप बनाकर परीक्षा परिणाम में सुधार करें। तथा तिमाही एवं छः परीक्षा परिणामों का विश्लेषण कर रणनीति बनाए। उन्होंने कहा कि पाठ्य पुस्तकों का वितरण समय पर हो। उन्होंने न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि समयावधि में सही जवाब प्रस्तुत किए जाए तथा एकल नस्ती बनाकर प्रकरण डीपीआई को निराकरण हेतु भेजा जाए।

# घायल पुलिसकर्मियों को अस्पताल पहुंचाने वालों का डीसीपी ने किया सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पुलिसकर्मियों पर हमला कर फरार होने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घायल पुलिसकर्मियों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने और उनकी जान बचाने में सहयोग करने वालों को डीसीपी ने सम्मानित किया है। डीसीपी जोन 2 अभिनय विश्वकर्मा द्वारा पुलिसकर्मी व पायलेट पर हुए हमले में घायल होने पर उनकी मदद करने वालो लोगो के कार्यो की सराहना कर, प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। गत दिनों पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा सूचना मिली की एफआरपी मे तैनात प्रदीप कश्यप व पायलेट को घायल अवस्था में कुछ लोगो ने हास्पिटल पहुंचाया था । थाना प्रभारी कनाडिया केपी यादव द्वारा तुरंत स्टॉफ के साथ जाकर हास्पिटल मे पुलिसकर्मियों से बातचीत कर उनके हालात जान वरिष्ठ अधिकारीयो को सूचन दी गई । पुलिसकर्मी व डायल100 पायलेट पर हुए हमले में घायल होने पर उनकी मदद करने वाले अनिल रासेनिया ,यशवंत सिंह राजावत ,पार्थ सिंह परिहार , अतुल धाकड , प्रिंस रघुवंशी व अमन वर्मा के नाम पता चले। उनके सहयोग से ही समय रहते उचित उपचार मिलने के कारण पुलिसकर्मी व पायलेट की जान बचाई जा सकी। कठिन व महत्वपूर्ण समय मे पुलिस की मदद करने वालों की प्रशंसा कर उनके इस सराहनीय कार्य के लिए डीसीपी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा उन्हें अपने कार्यालय में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## 8 लोगों की मौत का जिम्मेदार ड्राइवर राजस्थान में मिला

**इंदौर।** बीते दिनों बेटमा में हुए भीषण सडक हादसे में बारातियों से भरे वाहन को टक्कर मारकर आठ लोगों की जान लेने वाले ट्रक ड्राइवर को पुलिस ने राजस्थान से पकड़ा। वह ट्रक में तंबाकू भरकर ले जा रहा था। डीएसपी उमाकांत चौधरी ने बताया कि बीते दिनों बाग-टांडा से एक आयोजन में शामिल होकर बोलेरो से आ रहे गुना के 9 लोगों को इंदौर-अहमदाबाद रोड पर किसी वाहन ने चपेट में ले लिया था। घटना में एक पुलिसकर्मी सहित 8 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने बोलेरो को टक्कर मारने वाले ट्रक वाले का पता सीसीटीवी कैमरों के आधार पर लगा लिया। ट्रक चालक को राजस्थान से गिरफ्तार किया गया है। चालक का नाम सुनील चौधरी है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

**कान्ह-सरस्वती शुद्धिकरण प्रोजेक्ट**

# IIT में बनेगा शिप्रा शुद्धिकरण सेल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कान्ह-सरस्वती शुद्धिकरण को लेकर लगातार चल रही कवायद के बीच अब आईआईटी इंदौर इसमें एक्सपर्ट की भूमिका निभाएगा। अब तक दो डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) कान्ह-सरस्वती शुद्धिकरण के लिए बन चुकी है, लेकिन काम शुरू नहीं हुआ है। अब प्रशासन ने बतौर एक्सपर्ट आईआईटी की मदद ली है।**

एक बैठक प्रशासन और आईआईटी के बीच हो चुकी है, लेकिन दोनों पुरानी डीपीआर पर काम तभी होगा, जब आईआईटी इंदौर उसका विश्लेषण करेगा। इसके बाद तीसरी डीपीआर बनेगी। आईआईटी इंदौर में इसके लिए शिप्रा शुद्धिकरण सेल भी अलग से बनाई जा रही है।

कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि आईआईटी से बात हो चुकी है। वहां अलग से एक शिप्रा शुद्धिकरण सेल बन रही है। इसमें वहां के एक्सपर्ट जनसंख्या की डिमांड, आकलन, केंद्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण इंजीनियरिंग संगठन (सीपीएचईईओ) की गाइडलाइन के हिसाब से अब नई प्लानिंग कर रहे हैं। दरअसल, अब तक जो काम हुआ, वह बिना जनसंख्या और बढ़ने वाले लोड को देखते हुए किया गया है।

यही कारण है कि जो एसटीपी बनाए, जो लाइनें डाली हैं, वे सीवेज का लोड सहन नहीं कर सकी। पहली डीपीआर नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत बना, जिसमें 550 करोड़ के काम प्रस्तावित हैं। दूसरी डीपीआर अमृत-2 प्रोजेक्ट के तहत बनी। इसमें भी करोड़ों का प्रावधान कान्ह-सरस्वती और शिप्रा शुद्धिकरण के लिए बताया गया। कलेक्टर ने माना कि इन दोनों डीपीआर का विश्लेषण कर तीसरी डीपीआर बनवा रहे हैं।

**कबीटखेड़ी का एसटीपी काम का नहीं, चिड़ियाघर के पास बने एसटीपी में तकनीकी दिक्कत-** कलेक्टर ने माना कि कबीटखेड़ी का बड़ा ट्रीटमेंट प्लांट किसी काम का नहीं है। अब नया और बड़ा एसटीपी बनाने की जरूरत है। नमामि गंगे प्रोजेक्ट में ऐसे 2 एसटीपी बनेंगे। 12 छोटे एसटीपी भी बनाना होंगे। दरअसल नदियों में शुद्ध पानी जाए और सीवरेज का पानी न मिले, इसके लिए एसटीपी और सीवरेज लाइन बदलने का ही विकल्प है। चिड़ियाघर के पास बने एसटीपी में भी टेक्निकल समस्या है। नाला टैपिंग में जहां-जहां गड़बड़ है, उसे सुधारना भी अहम है, लेकिन काम आसान नहीं है।

रिपोर्ट के मुताबिक कुल 150 से ज्यादा आउट फॉल हैं, जिनसे सीवरेज नदियों में मिल रहा है। 100 ऐसे हैं, जो ठीक हो सकते हैं। दो महीने में फाइनल रिपोर्ट बन जाएगी। हालांकि प्रारंभिक कामों के लिए मंगलवार को अहम बैठक होगी, जिसमें नगर निगम सहित अन्य विभागों को बुलाया गया है। इसमें भी प्राकृतिक जल संसाधनों के संरक्षण पर बात होगी।

# दिवंगत शास्त्रीय गायिका शुभदा मराठे की याद में पहला स्मृति आयोजन 1 और 2 जून को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कला मार्तंड, तरुण मंच, नाथ मंदिर संस्थान और नर्मदालय सहित शहर के मराठी भाषी तीस से अधिक संगठन मिलकर दिवंगत शास्त्रीय गायिका शुभदा मराठे की याद में पहला स्मृति आयोजन 1 और 2 जून को राजेंद्र नगर के लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में आयोजित कर रहे हैं। आयोजन समिति के संजय तराणेकर, प्रशांत बड़वे और सुनील धर्माधिकारी के अनुसार 1 जून को पांच बजे पहले सत्र में गायक गौतम काले, उनके शिष्य शास्त्रीय संगीत और सुगम संगीत की प्रस्तुति देंगे। दूसरे सत्र में साढ़े छह बजे शुभदा मराठे पर शॉर्ट फिल्म दिखाई जाएगी। फिल्म के बाद मुंबई की लेखिका और वक्ता डॉ. धनश्री लेले का मराठी में व्याख्यान होगा। 2 जून को सुबह 9.30 बजे डॉ. धनश्री लेले दासबोध तील जीवन योग पर बात रखेंगी।

# टीआई की कार ने सफाईकर्मी को कुचला

## ढलान पर लुढ़की कार, दो थानेदार सस्पेंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। सागर में टीआई की स्कॉर्पियो कार बिना ड्राइवर ढलान पर आगे बढ़ी और एक सफाई कर्मचारी को कुचल दिया। कर्मचारी को हाथ - पैर और पेट में चोट आई है। वह अस्पताल में भर्ती है। बताया गया कि ड्राइवर हैंडब्रेक लगाना भूल गया था। घटना शनिवार शाम सिविल लाइन इलाके में राजघाट रोड की है।**

मामले में रविवार को एसपी ने देवरी और महिला थाने के प्रभारी को सस्पेंड कर दिया। स्कॉर्पियो देवरी थाना प्रभारी की बताई जा रही है। दोनों राजघाट रोड स्थित रेस्टोरेंट एंड बार में खाना खाने गए थे। हादसे के समय का होटल का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। थाना प्रभारियों के नशे में होने के सवाल पर एडिशनल एसपी लोकेश सिंहा ने कहा कि इसकी जांच की जा रही है।

### ट्रेनिंग में न जाकर, होटल पहुंचे थानेदार

1 जुलाई से लागू होने जा रहे हिट एंड रन समेत नए कानून की जिला मुख्यालय में ट्रेनिंग चल रही है। 25 मई को देवरी थाना प्रभारी रोहित डोंगरे और महिला थाने के प्रभारी आनंद सिंह ट्रेनिंग में नहीं पहुंचे। शाम 6 बजे उनकी स्कॉर्पियो से एक्सीडेंट की जानकारी पुलिस को मिली।

बताया जा रहा है कि दोनों राजघाट रोड पर स्थित रेस्टोरेंट एंड बार में पहुंचे। वहां से लौटते समय महिला थाना प्रभारी स्कॉर्पियो में आकर बैठ गए और ड्राइवर को देवरी थाना प्रभारी को बुलाने के लिए अंदर भेजा। ड्राइवर हैंडब्रेक लगाए बिना ही स्कॉर्पियो से उतर गया। ढलान पर खड़ी स्कॉर्पियो धीरे-धीरे आगे बढ़ गई। रोड किनारे सफाई कर रहे जैसीनगर के 25 वर्षीय प्रदीप वाल्मीकि को टक्कर मार दी। प्रदीप होटल का सफाई कर्मचारी है।

### एसपी ने जारी किए निलंबन के आदेश

एसपी अभिषेक तिवारी ने निलंबन आदेश में कहा है कि सिविल लाइन थाना प्रभारी ने सूचना दी थी। इसमें बताया गया कि महिला थाने के प्रभारी आनंद सिंह आजाद और देवरी थाना प्रभारी रोहित डोंगरे 25 मई को जिला मुख्यालय में निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम से अनुपस्थित रहे। शाम को नशे की हालत में सिविल लाइन क्षेत्र में एक्सीडेंट किया। जिस समय कार ढलान से उतरी उसमें ड्राइवर के बाजू वाली सीट पर आनंद सिंह भी बैठे थे, लेकिन वे कार को संभालने की स्थिति में नहीं थे।

# दुष्कर्म के मुख्य आरोपी का दूसरे राज्यों में आपराधिक रिकार्ड पता कर रही पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** सीधी में वाइस चेंजर एप से महिला की आवाज में बात कर छात्राओं को बुलाने और दुष्कर्म करने के मुख्य आरोपित बृजेश प्रजापति के पास 16 मोबाइल फोन मिले हैं। पुलिस के अनुसार ये सभी मोबाइल छात्राओं से छीने गए हैं। जांच में यह बात सामने आ चुकी है कि छात्राओं को बुलाने के बाद आरोपित उनके मोबाइल और रुपये छीन लेते थे।

इससे पीड़ित छात्राएं किसी से संपर्क भी नहीं कर पाती थीं। इस आधार पुलिस को आशंका है बृजेश आपराधिक प्रवृति का हो सकता है। मोबाइल फोन की संख्या के आधार पर पीड़िताओं की संख्या भी सात से अधिक हो सकती है। आपराधिक प्रवृति को देखते वह इसके पहले जहां-जहां रहा है वहां के संबंधित थानों से भी उसका रिकार्ड पुलिस पता कर रही है। वह महाराष्ट्र में नासिक, गुजरात में अलग-अलग जगह और प्रदेश में जबलपुर में रह चुका है। पुलिस के उसके मनोरोगी (साइको) होने की भी आशंका है। यह जानने के लिए उसकी मनोचिकित्सकों से भी जांच कराई जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वह चार एंड्राइड मोबाइल फोन उपयोग करता था, जबकि मात्र दूसरी कक्षा तक पढ़ा हुआ है। पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि मुख्य आरोपित बृजेश और उसका सहयोग करने वाले तीन अन्य आरोपित दुष्कर्म के बाद लड़कियों के मोबाइल छीनकर उनके वाट्सएप ग्रुप से लड़कियों के नंबर निकालते थे। इसके बाद वाइस जेंचर एप से उन्हें कालेज की प्राचार्य की आवाज में फोन कर बुलाते और दुष्कर्म करते थे। पुलिस ने उनके मोबाइल में सेव सभी लड़कियों के नंबर निकाले हैं। उन लड़कियों से बात कर समझाया जा रहा है कि अगर उनके साथ कोई अपराध हुआ हुआ है तो बिना डर के शिकायत करें। आरोपितों ने अभी तक आठ लड़कियों से दुष्कर्म की बात स्वीकारी है।

# महाकाल शयन आरती में प्रवेश के लिए 1100 मांगे

## पंडित ने कहा-यहां ऊपर से नीचे तक पैसा लगता है



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन में बाबा महाकाल की शयन आरती में प्रवेश के नाम पर गुड़गांव से आए दो दंपती से रुपए मांगने का मामला सामने आया है। खुद को पंडित बताने वाले शख्स ने प्रति श्रद्धालु 1100 रुपए मांगे। यह भी कहा कि यहां ऊपर से नीचे तक सबको पैसा लगता है। श्रद्धालु अब कलेक्टर नीरज कुमार सिंह से मामले की शिकायत करेंगे। बता दें कि श्री महाकालेश्वर मंदिर में शयन आरती में प्रवेश के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता। इसके बावजूद श्रद्धालुओं से अवैध वसूली के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। पिछले हफ्ते मुंबई की महिला श्रद्धालु से भी पुरोहित ने भस्म आरती के नाम पर 1500 रुपए की मांग की थी।

पंडित ने जहां खड़ा किया, वहां से सुरक्षाकर्मियों ने हटाया

गुड़गांव से आईं निधि शर्मा ने बताया, ह्य23 मई को मैं अपने पति परलव शर्मा और ऋतु गुप्ता व उनके पति धीरज गुप्ता महाकाल मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे थे। हमें भस्म आरती की परमिशन नहीं मिली। शयन आरती में शामिल होने का निर्णय लिया। हम चारों ने 250 रुपए प्रति श्रद्धालु की शीघ्र दर्शन की टिकट ले ली। लाइन में लगे तो पता चला कि आगे जाकर यह लाइन आम श्रद्धालुओं की कतार में मिल गई। इसी दौरान वहां खड़ा एक शख्स हमारे पास आया। उसने खुद को पंडित बताते हुए कहा कि शयन आरती देखना हो तो 1100 रुपए प्रति व्यक्ति लगेगा। हम आपको आगे बैठा देंगे। 4400 रुपए में बात तय हुई। पंडित ने आरती के बाद रुपए देने का कहा। पंडित ने हमें जिस जगह खड़ा किया, वहां से सुरक्षाकर्मियों ने हमें हटा दिया। हम लोगों को आगे जाने के लिए कहा गया। पंडित ने हमें आरती में बैठाने की कई बार कोशिश की लेकिन उनकी व्यवस्था नहीं जम पाई। हमने टीवी में देखकर आरती की और हमारे रुपए भी बच गए।

### कलेक्टर को मेल पर करेंगी शिकायत

निधि का कहना है कि महाकाल मंदिर में इस तरह की लूट और आरती के नाम पर रुपए वसूलने वालों के खिलाफ कलेक्टर को जल्द ही मेल करेंगी। 182 नंबर पर भी शिकायत करेंगी। उन्होंने कहा कि इतनी दूर से आने के बाद मंदिर की व्यवस्था को देखकर काफी बुरा लगता है।

# बदमाश के हाथ-पैर बांधकर घसीटा, डंडों से पीटा

## चप्पलों की माला पहनाकर गांव में घुमाया, पत्नी बचाने पहुंची तो उसे भी मारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर में एक बदमाश के हाथ-पैर बांधकर डंडों से पीटने का वीडियो सामने आया है। उसे चप्पलों की माला पहनाकर गांव में भी घुमाया गया। युवक को बचाने आई उसकी पत्नी को भी युवकों ने जमकर पीटा। इतना ही नहीं आरोपियों ने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में भी वायरल कर दिया। बताया जा रहा है कि पीड़ित युवक का नाम अंकित बर्मन है जो कि क्षेत्र का आदतन अपराधी है। अंकित के खिलाफ तिलवारा थाने में कई मामले दर्ज है। 25 मई को अंकित का क्षेत्र में ही रहने वाले कुछ लोगों से विवाद हुआ, जिसके बाद छह से सात लड़कों ने अंकित के हाथ-पैर बांधे और फिर जमकर उसके साथ मारपीट की।

हमलावरों ने युवक के हाथ-पैर रस्सी से बांधे और फिर प्लास्टिक के पाइप से जमकर मारपीट की। अंकित के परिजनों का कहना है कि आरोपियों के साथ तिलवारा थाना पुलिस भी मिली है। अंकित के खिलाफ झूठा अपराध दर्ज करके उसे जेल भिजवा दिया। मामला सामने आने के बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी घटना की जांच में जुट गए है। परिजनों का आरोप है कि पहले भी दो बार विवाद कर चुके थे, पर पुलिस ने कोई भी सुनवाई नहीं की।

### चप्पलों की माला पहनाई, मारपीट कर वीडियो बनाया

कुम्हार मोहल्ला में रहने वाला अंकित बर्मन की रमनगरा नहर किनारे चाय-पान की दुकान है। पास ही आरोपी राकेश चक्रवर्ती, अजय चक्रवर्ती और संजू लोधी ने भी अपनी दुकान खोल रखीं थी। अंकित बर्मन की मां सीमा ने बताया कि आरोपी की भी चाय-पान की दुकान थी, पर वो लोग वहां देशी शराब बेचा करते थे। अंकित ने भी कुछ समय अवैध शराब का काम किया पर बाद में उसकी मां ने शराब बेचने का काम बंद करा दिया तो आरोपियों को ये नगावर गुजर। 25 मई की शाम को राकेश,अजय, संजू सहित छह-सात लड़के अंकित के घर पहुंचे और उसे बाहर बुलाया। जैसे ही वह बाहर निकला तो आरोपियों ने उसे प्लास्टिक के पाइप से मारना शुरू कर दिया। चप्पलों की माला पहनाई और फिर पूरे गांव में घुमाया।

### वीडियो की करवाई जा रही है जांच

तिलवारा थाना प्रभारी ब्रजेश मिश्रा का कहना है कि जिस अंकित बर्मन के साथ मारपीट की गई है, वह तिलवारा थाना क्षेत्र का शातिर बदमाश है। उसके खिलाफ 18 अधिक मामले दर्ज है। मारपीट,अवैध वसूली, शराब बिक्री, जुआ-सट्टा सहित कई अपराध में वो लिप्त है। जानकारी मिली थी की उसके साथ क्षेत्र के ही कुछ लोगों ने मारपीट कर उसका वीडियो बनाया था। 25 मई की रात अंकित कट्टा लेकर घूम रहा था, उस दौरान उसे गिरफ्तार किया गया है। अंकित के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई भी की जा रही है।

# प्रेमी-प्रेमिका की रस्सी से बांधकर पिटाई

## महिला से मिलने पहुंचा था युवक, परिजनों ने लाठी-डंडों से बेसुध होने तक पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**डबरा। ग्वालियर में एक महिला और युवक को बेरहमी से पीटने का वीडियो सामने आया है। इसमें कुछ लोग दोनों को रस्सी से बांधकर लाठी-डंडों से पीटते नजर आ रहे हैं। ये लोग महिला के परिजन बताए जा रहे हैं।**

घटना 25 मई को भितरवार थाना क्षेत्र की है। सोमवार को इसका वीडियो सामने आया। दरअसल, युवक शादीशुदा प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा था। जहां महिला के परिजनों ने उसे पकड़ लिया। इस मामले में कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है।

### पति से अनबन के बाद महिला मायके में रह रही थी

भितरवार थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला की शादी दो साल पहले शिवपुरी के एक गांव में हुई थी। पति से अनबन के बाद वह मायके में रह रही थी। 25 मई को महिला के परिजनों ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसे बेसुध होने तक पीटा। 1 मिनट 42 सेकंड के वीडियो में महिला बचाव की गुहार लगा रही है। लड़का बेसुध अवस्था में पड़ा नजर आ रहा है।

### पुलिस बोली-दोनों पक्षों ने किया राजीनामा

एसडीओपी जितेंद्र नगाइच का कहना है कि भितरवार क्षेत्र का मामला है। डायल 100 को बुलाया गया था, दोनों पक्षों को थाने लाया गया था। थाने आने पर दोनों पक्षों ने किसी भी प्रकार की कार्रवाई न करने की लिखित बात कही थी। दोनों के बीच राजीनामा हो गया है।

### आईजी बोले- मामले में जांच कराई जाएगी

आईजी अरविंद कुमार सक्सेना का कहना है कि वीडियो आपके माध्यम से मेरे संज्ञान में आया है। इस वीडियो को संबंधित थाना प्रभारी और एसडीओपी को सकुर्लेट करूंगा और जांच कराऊंगा। क्यों इस तरह से उनके साथ व्यवहार किया गया है। यदि आपराधिक मामला बनता है, तो संबंधितों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया जाएगा।

## संपादकीय


# लापरवाही के लाक्षागृह

गर्मी के मौसम में आग लगने की आशंका अधिक बनी रहती है। खासकर जब तापमान अधिक होता है, तो बिजली के तारों के पिघल कर आपस में चिपकने और जल उठने का खतरा ज्यादा होता है। ऐसे में सार्वजनिक स्थानों और भीड़भाड़ वाले भवनों में आग लगने की स्थिति में बचाव के उपायों पर विशेष ध्यान रखने की उम्मीद की जाती है। मगर अपने व्यावसायिक हितों को सबसे ऊपर रखने वाले परिसरों में अक्सर ऐसे उपायों के मामले में लापरवाही देखी जाती है। इसी का नतीजा है कि ऐसी जगहों पर आग लगने से बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान उठाना पड़ता है। गुजरात के राजकोट और दिल्ली के एक शिशु अस्पताल में लगी आग की घटनाएं इसका ताजा उदाहरण हैं। राजकोट के एक खेल क्षेत्र में आग लगने से बारह बच्चों समेत अट्ठाईस लोगों की मौत हो गई। दिल्ली के शिशु अस्पताल में नवजात शिशु देखभाल में रखे गए सात बच्चे मर गए और पांच गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों जगहों पर हादसे और इतनी बड़ी संख्या में हुई मौतों की वजहें समान हैं। दोनों जगहों पर आपातकालीन निकास निहायत संकरा था। अग्निशमन संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया गया था। वहां लापरवाही पूर्वक ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण किया गया था। ऐसा नहीं कि जिन जगहों पर ये हादसे हुए, वहां के प्रबंधकों को दूसरी जगहों पर हुए हादसों की जानकारी नहीं थी, फिर भी वे सुरक्षा उपायों को लेकर इतने लापरवाह कैसे थे, समझ से परे है। राजकोट के जिस खेल क्षेत्र में आग लगी, वहां बताया जा रहा है कि लकड़ी, कपड़े, थर्मोकोल, प्लास्टिक की चादरों आदि से भवन खड़ा कर लिया गया था। नीचे की मंजिल पर बड़ी मात्रा में पेट्रोल और डीजल का भंडारण किया गया था। वहां चल रहे निर्माण कार्य के चलते कोई चिनगारी छिटकी और ज्वलनशील पदार्थों के संपर्क में आकर पूरे भवन को आग के आगोश में दे दिया। दिल्ली के अस्पताल में भी ऐसे ही कारण पता चले हैं। नीचे की मंजिल पर गैरकानूनी तरीके से आक्सीजन के सिलिंडर भरे जा रहे थे, जिनमें विस्फोट हुआ और पूरा अस्पताल आग की लपटों में समा गया। अब इन हादसों को लेकर प्रशासन सक्रिय हुआ है, इन घटनाओं के लिए जिम्मेदार माने जाने वालों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मगर इससे फिर भी यह भरोसा नहीं बनता कि ऐसे भवनों में सुरक्षा संबंधी उपाय पुख्ता किए जा सकेंगे। आखिर इसकी जवाबदेही कैसे तय होगी कि किसी व्यावसायिक परिसर या भवन का निर्माण करते समय उसके सुरक्षा मानकों की जांच क्यों नहीं की जाती। कैसे किसी टीन-टप्पर, लकड़ी-प्लास्टिक से बने किसी ढांचे में भीड़भाड़ वाली गतिविधियां चलाई जा सकती हैं। फिर, निजी तौर पर चलाए जा रहे अस्पतालों, बारात घर, स्कूल, होटल, रेस्तरां, बाजार, मनोरंजन स्थलों आदि में किस स्तर तक आग जैसी घटनाओं से सुरक्षा के उपायों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाता है। हर साल ऐसी गंभीर घटनाएं हो जाती हैं, तब प्रशासन कुछ सक्रिय दिखता है, ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के वादे किए जाते हैं, मगर फिर वही ढाक के तीन पात। हर ऐसे बड़े हादसे में वजहें भी एक जैसी होती हैं। आपातकालीन निकास का समुचित प्रबंध न होना, बिजली के उपकरणों का रखरखाव ठीक न होना, अग्निशमन व्यवस्था का निष्क्रिय होना आदि। हैरानी की बात है कि इस बुनियादी उपायों पर भी नजर रखने में लापरवाही क्यों बरती जाती है।

**अर्ज किया है..!**

*ये इंतिज़ार नहीं*
*शम्अ है रिफ़ाक़त की*
*इस इंतिज़ार से*
*तन्हाई ख़ूब-सूरत है*

*-अरशद अब्दुल हमीद*




*भक्ति एक भावना के रूप में शुरू होती है, लेकिन वहीं पर खत्म नहीं होती। आखिरकार, भक्ति का परिणाम बिसर्जन होता है।*

*- जग्गी वासुदेव*

**Children**

# बच्चों के दिनभर के झगड़े से हैं परेशान

## जानें कैसे बढ़ सकता है आपसी प्यार

घर में एक से ज्यादा बच्चे हों, तो शुरुआती सालों में माता-पिता की अधिकांश ऊर्जा उनके लड़ाई-झगड़े को खत्म करने में ही लगती है। पर, भाई-बहन सिर्फ लड़ाई ही नहीं करते। वे एक-दूसरे के सामाजिक, भावनात्मक और संज्ञानात्मक विकास में अहम भूमिका भी निभाते हैं। जिन भाई-बहनों का रिश्ता बचपन में खुशनुमा होता है, वे एक खुशहाल और आत्मविश्वास से भरपूर युवा के रूप में बड़े होते हैं। वहीं, भाई-बहनों के बीच में होने वाली लड़ाई का असर भावनात्मक सेहत, आत्मविश्वास और सोशल स्किल्स पर जिंदगी भर के लिए देखा जा सकता है। भाई-बहनों के रिश्ते का एक और पहलू भी है। अगर इनके बीच माता-पिता छुटपन से ही सेहतमंद प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दें तो दोनों बच्चे एक-दूसरे से प्रेरणा लेते हुए न सिर्फ जिंदगी में आगे बढ़ेंगे, बल्कि उनकी जिंदगी के विभिन्न आयामों पर भी इसका सकारात्मक असर पड़ेगा। कैसे परवरिश के अपने इस लक्ष्य को हासिल करें, आइए जानें:



### तुलना करने से बचिए

क्या आप जानती हैं, भाई-बहनों के बीच आपसी प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने में जाने-अनजाने में माता-पिता भी अहम भूमिका निभाते हैं। हर बच्चा अलग है और अलग हैं उनके गुण। ऐसे में बच्चों के बीच तुलना करने से बचने की कोशिश करें। एक बच्चे की तारीफ दूसरे बच्चे में दोष निकालकर ही की जाए, जरूरी नहीं। 'तुम अपनी बहन की तरह कमरे को साफ-सुथरा क्यों नहीं रख सकते' की जगह बेटे को यह कहें कि 'मैं जानती हूं कि तुम दोनों का तरीका अलग-अलग है, पर कमरे को साफ और व्यवस्थित रखना भी तो जरूरी है।' बच्चे की उम्र को ध्यान में रखते हुए उन्हें बार-बार यह बताएं कि भाई-बहन का होना उनकी जिंदगी को किस तरह से बेहतर बनाता है।

### एक जैसा नियम, सबके लिए

परिवार के सभी सदस्यों के लिए एक जैसे नियम-कायदे तय करें और इस बात की तसदीक करें कि सभी सदस्य अपने अलग-अलग उम्र के बावजूद उन नियमों का मानें। नियमों की इस सूची में एक-दूसरे को नीचा ना दिखाना, चीख-चिल्लाकर बात ना करना, बिना अनुमति के किसी का सामान न लेना, एक-दूसरे की मदद करना आदि जैसे नियमों को शामिल करें। बच्चों के सामने अपने आचरण से एक अच्छा उदाहरण पेश करें। घर में जब नया बच्चा आए तो बड़े भाई या बहन को उसकी देखभाल में शामिल करें। इसमें नए बच्चे को लोरी सुनाने से लेकर उसके कपड़े अलमारी से लाने तक की जिम्मेदारी आप बड़े बच्चे को दे सकती हैं। उम्र बढ़ने पर उन्हें साथ मिलकर अपना कमरा ठीक करने, खाना खाते वक्त डाइनिंग टेबल पर पानी की व्यवस्था करने या एक साथ पजल सॉल्व करने जैसी जिम्मेदारियां दें। इससे बच्चों में आपसी जुड़ाव और विश्वास बढ़ेगा।

### बराबरी को दें बढ़ावा

बच्चे को आपसी अनबन को सही तरीके से सुलझाने का तरीका सिखाएं। भाई-बहनों का रिश्ता अन्य रिश्तों के जैसा ही होता है। बच्चों को एक-दूसरे की बात सुनना, अपनी भावनाओं को सही तरीके से व्यक्त करना, सामने वाले के नजरिये को समझने की कोशिश करना और सम्मानजनक तरीके से अपनी बात को सामने रखना सिखाएं। लड़ाई की स्थिति में बच्चों को हमेशा अपनी बात पर अड़ने की जगह सामने वाले के नजरिये को भी समझने की कोशिश करना सिखाएं।

### सिखाएं, आपसी संवाद का सही तरीका

बच्चे कई दफा अपने मन की बात को सही शब्द नहीं दे पाते। कई बार इसकी वजह उनका शर्मीला स्वभाव होता है, तो कई बार सामने वाले के प्रति डर का भाव। घर में ऐसा माहौल विकसित करें कि बच्चे इस बात को लेकर निश्चिंत रहें कि वे अपने भाई या बहन के साथ अपनी हर बात साझा कर सकते हैं और सामने वाला इस वजह से उनके बारे में कोई राय नहीं बनाएगा। छुटपन में अगर आप अपने बच्चों के लिए घर में ऐसा माहौल विकसित कर पाएंगी तो बड़े होने पर भी उन दोनों का आपसी जुड़ाव इतना ही मजबूत रहेगा।

Maharashtra

# पोर्शे वाले अमीरजादे को बचाने की डील 3 लाख में हुई, पुणे पुलिस ने बरामद किए रुपये

**पुणे, (एजेंसी)** पुणे में नाबालिग आरोपी के ब्लड सैंपल बदलने के आरोप में तीन गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। अब खबर है कि सोमवार को पुणे पुलिस के जांच के दौरान 3 लाख रुपये भी बरामद हुए हैं, जो कथित तौर पर नमूने बदलने के लिए दिए गए थे। फिलहाल, दोनों डॉक्टरों को 30 मई तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है। 19 मई को हुए सड़क हादसे में एक युवक और एक युवती की दर्दनाक मौत हो गई थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुणे पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सैंपल बदलने के लिए कथित तौर पर डॉक्टरों को दिए 3 लाख रुपये बरामद किए हैं। सोमवार को ही दो डॉक्टरों और ससून जनरल हॉस्पिटल के एक कर्मचारी



को गिरफ्तार किया है। इनमें फॉरेंसिक मेडिसिन डिपार्टमेंट के प्रमुख डॉक्टर अजय तावरे, सीएमओ डॉक्टर श्रीहरि हलनोर और कर्मचारी अतुल घाटकाम्बले का नाम शामिल है। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक, घाटकाम्बले से 2.5 लाख रुपये बरामद हुए हैं। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, वह डॉक्टर तावरे के अंडर काम करता है और उसने डॉक्टर हलनोर को रुपये देने के लिए अपने बॉस से लिए थे। हलनोर से पूछताछ के बाद पुलिस को कैश मिला है।

पुणे पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार का कहना है कि आरोपी नाबालिग के ब्लड सैंपल को कचरे में फेंक दिया गया था। साथ ही इसे किसी ऐसे व्यक्ति के नमूनों से बदला था, जिसने शराब का सेवन नहीं किया था। पुलिस ने रुपयों के लेनदेन के लिए दो डॉक्टरों की कस्टडी की मांग की थी।

New Delhi

## दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को बड़ी कामयाबी, कुख्यात इनामी लेडी डॉन कैली गिरफ्तार



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने काला गैंग की 22 वर्षीय कुख्यात लेडी डॉन गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पकड़ी गई कुख्यात महिला डॉन का नाम कैली तंवर बताया जा रहा है, जो दीपक अगरोला - कर्मबीर काला गैंग की सदस्य है। सूत्रों ने बताया कि उसके सिर पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। लेडी डॉन कैली हत्या की साजिश रचने समेत कई मामलों में वॉन्टेड थी। जानकारी के अनुसार, स्पेशल सेल की टीम को गाजियाबाद के लोनी थाने में दर्ज हत्या के एक मामलों में वॉन्टेड आरोपी 22 साल की कैली तंवर पुत्री स्वर्गीय निर्दोष निवासी ट्रोनिका सिटी जिला गाजियाबाद के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी। वह दिल्ली के फतेहपुर बस स्टैंड के पास ग्रामीण इलाके में रहती थी। स्पेशल सेल द्वारा उपरोक्त जानकारी के आधार पर उसे वहां से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने गाजियाबाद के लोनी थाने में दर्ज आईपीसी की धारा 302/34 के मामले में अपनी संलिप्तता का खुलासा किया। इसके बाद में उसे सीआरपीसी की धारा 41.1 (बीए) के तहत कालंद्रा में गिरफ्तार कर लिया गया और अदालत के सामने पेश किया जाएगा। उक्त इलाके में दो समूहों के बीच पुरानी दुश्मनी इस हत्या का कारण बनी थी। यूपी पुलिस द्वारा आरोपी महिला की गिरफ्तारी पर 25000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इससे पहले 03 मई को इसी मामले में वॉन्टेड एक अन्य आरोपी मोहम्मद फैजान उर्फ नन्हे निवासी सावदा जेजे कॉलोनी, दिल्ली को भी स्पेशल सेल/एसआर की टीम ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया था।

Uttarpradesh

## ससुराल गया, बाइक की डिक्की से तमंचा निकाला और पत्नी पर झोंक दिया फायर, फिर खुद के सिर में मारी गोली

**औरैया, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के औरैया में पत्नी को ससुराल से लेने आए युवक ने खुद को गोली मार ली. इस घटना में उसकी मौत हो गई. इससे पहले उसने पत्नी पर भी फायर झोंका था. हालांकि, पत्नी ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचा ली थी. फिलहाल, पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. आपसी विवाद में आत्महत्या करने की बात सामने आई है. दरअसल, पूरा मामला औरैया जिले के बिधूना कोतवाली के रतनपुर का है, जहां बीते दिन एटा निवासी बिक्रम अपनी पत्नी पूजा को लेने ससुराल आया था. लेकिन पत्नी ने जाने से मना कर दिया. इस बात से बिक्रम भड़क उठा और उसने बाइक की डिक्की से तमंचा निकालकर पूजा पर फायर कर दिया. गोली चलते ही मोहल्ले में हड़कंप मच गया. पूजा ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई. इसके बाद बिक्रम ने उसी तमंचे से खुद को गोली मार ली. गोली लगते ही वो जमीन पर लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा. सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, जिसने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

mizoram

# पत्थर की खदान ढहने से 10 लोगों की मौत, कई मजदूर फंसे

**आइजोल, (एजेंसी) मिजोरम की एक खदान में भीषण हादसा हुआ है. यहां एक पत्थर की खदान ढहने से 10 लोगों की मौत हो गई है. हादसे के बाद शुरू किए गए रेस्क्यू ऑपरेशन में 2 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है. कई मजदूर अभी मलबे में फंसे हुए हैं, जिन्हें बचाने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है.**



हादसा मिजोरम की राजधानी आइजोल में हुआ है. यहां रेमल साइक्लोन के कारण पहले ही काफी तबाही देखने को मिली थी. इस बीच मंगलवार (28 मई) की सुबह करीब 6 बजे के आसपास आइजोल की मेल्थम और ह्लिमेन सीमा पर एक पत्थर की खदान ढह गई. खदान ढहने से आसपास के कई घर भी तबाह हो गए हैं.

खेल

# वर्ष के दूसरे ग्रैंडस्लैम में प्रभावित नहीं कर सके सुमित नागल, पहले दौर में खाचनोव से मिली हार

**पेरिस, (एजेंसी) भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल वर्ष के दूसरे ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन में प्रभावित नहीं कर सके और उन्हें टूर्नामेंट में अपने पदार्पण मैच के पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। नागल को रूस के कारेन खाचनोव ने हराया। विश्व रैंकिंग में 95वें नंबर पर काबिज नागल के पास खाचनोव की दमदार सर्विस और करारे शॉट का कोई जवाब नहीं था। उन्होंने तीसरे सेट में जरूर शानदार खेल दिखाया लेकिन इसके बावजूद वह 2-6, 0-6, 6-7 (5-7) से हार गए। नागल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में दुनिया के 31वें नंबर के अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराकर चौंका दिया था लेकिन लाल बजरी पर वह अपना यह करिश्मा नहीं दोहरा पाए।**



मैच से पहले बारिश आने के कारण कोर्ट थोड़ा धीमा हो गया था जो लंबी रैलियों के लिए आदर्श था। भारतीय खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत की लेकिन वह खाचनोव थे जिन्होंने तीसरे गेम में नागल की सर्विस तोड़ी। इसके बाद बारिश के कारण 21 मिनट तक खेल रुका रहा। खेल शुरू होने पर रूसी खिलाड़ी ने जबरदस्त खेल दिखाया और नागल को पस्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। खाचनोव ने दोनों छोर से शॉट लगाए और ऐसे में भारतीय खिलाड़ी के लिए अंक बनाना मुश्किल हो गया।

पहले सेट के सातवें गेम में नागल एक समय 30-0 से आगे थे लेकिन खाचनोव ने लगातार चार अंक बनाकर दूसरा ब्रेक प्वाइंट लिया। रूसी खिलाड़ी ने इसके बाद अगले गेम में फोरहैंड विनर लगाकर पहला सेट अपने नाम किया। नागल को दूसरे सेट में अच्छी शुरुआत की जरूरत थी लेकिन उन्होंने पहले गेम में ही अपनी सर्विस गंवा दी। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी के पास भी दो बार ब्रेक लेने का मौका था लेकिन खाचनोव ने दोनों अवसरों पर अच्छी वापसी की। नागल इसके बाद अपनी अगली दोनों सर्विस का भी बचाव नहीं कर पाए और खाचनोव ने आसानी से यह सेट जीता। नागल ने तीसरे सेट में वापसी करके अपनी पहली सर्विस बचाई लेकिन तीसरे गेम में वह ऐसा नहीं कर पाए। इस बीच नागल ने दूसरे गेम में खाचनोव की सर्विस तोड़ने के दो मौके गंवाए। रूसी खिलाड़ी ने अपनी सर्विस पर अंक बनाकर 3-1 से बढ़त हासिल कर ली। भारतीय खिलाड़ी ने 10वें गेम में खाचनोव की सर्विस तोड़कर स्कोर 5-5 से बराबर करके उम्मीद जगाई। यह सेट टाइब्रेकर तक खिंचा जिसमें नागल एक समय 5-3 से आगे थे लेकिन उन्होंने डबल फाल्ट करके खाचनोव को वापसी का मौका दिया और रूसी खिलाड़ी ने इसके बाद यह सेट और मैच जीतने कोई देर नहीं लगाई।

सिनेमा

## शाहिद कपूर और मीरा राजपूत ने मुंबई में खरीदा नया लग्जरी अपार्टमेंट, कीमत जानकर उड़ जाएंगे होश



शाहिद कपूर और पत्नी मीरा राजपूत प्रॉपर्टी में काफी इन्वेस्ट करते हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि दोनों ने अब नया और लग्जरी अपार्टमेंट खरीदा है मुंबई में और इसकी कीमत जानकर आप भी हैरान हो जाएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह अपार्टमेंट मुंबई के वर्ली एरिया में है जो 5395 स्कावयर फीट में बना है। शाहिद और मीरा का अपार्टमेंट सबसे टॉप फ्लोर में से एक है। यह अपार्टमेंट ओबेरॉय 360 वेस्ट प्रोजेक्ट का हिस्सा है। अब बताते हैं कि शाहिद ने कितने करोड़ में यह घर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों पति-पत्नी ने 59 करोड़ में यह घर खरीदा है। ऐसा कहा जा रहा है कि इस बिल्डिंग के 28 अपार्टमेंट डी मार्ट के मालिक राधाकृष्णन दमानी के परिवार और क्लोज एसोसिएट्स के हैं। यहां पर 5 बीएचके और 4 बीएचके फ्लैट्स हैं डुप्लेक्स अपार्टमेंट्स और पेंटहाउस के साथ। बिल्डिंग की हाइट 360 मीटर है। रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि शाहिद ने 1.75 करोड़ की स्टैम्प ड्यूटी भी दी है। खैर अभी यह नहीं पता चला है कि कब शाहिद परिवार के साथ इस घर में शिफ्ट होंगे। लेकिन हो सकता है कि जल्द ही वहां शिफ्ट हो जाएं क्योंकि इतना लग्जरी और महंगा अपार्टमेंट लिया है तो वहां रहने के लिए वह भी एक्साइटेड होंगे।

## Highlights

1. **Safety measures taken after auto-rickshaw tragedy**
2. **Abhishek wore ₹8,000 t-shirt during his visit to relief camp: BJP**
3. **Aysha Merchant bags rank in interior design at MU**
4. **Student beaten to death in Patna University Law campus**
5. **Club founder shares videos of empty Pune clubs, says 'Kids not being allowed'**
6. **Stock market may fall 10-20% in a day if BJP gets less than 250 seats: Ruchir**

# Tesla staffer who worked for 5 years at company laid off: 'Shifts were long, slept in my car'



**NEW DEIHI, (Agency).** A Tesla staffer, who worked at the Elon Musk company for five years, said that he was in disbelief after being laid off. Working as an employee-a production supervisor at Tesla- was "really hard" as he had to sometimes work for more than 12 hours, he said.

Talking to Business Insider, he said, "I worked really hard while I was at Tesla and wanted to be as efficient and productive as possible. My shifts at Tesla were long, normally lasting around 12 hours. As I was working a salaried job, I sometimes needed to stay even longer to get things done."

He even decided to sleep inside his car to reduce travel time in 2021, he said.

"I just felt like I needed more time to sleep — the job felt like being an industrial athlete because we were constantly moving. I needed more rest to be productive, efficient, and friendly at work," he shared.

"I decided it would be easier to stay at the factory and cut out my hour-and-a-half commute. My coworkers were surprised when I told them I was sleeping in my car - it definitely turned heads as it wasn't normalized in the culture," he added.

Losing his job at Tesla taught him to pivot quickly in life as he said, "You can't dwell on things or complain because that doesn't get you anywhere. When I found out I'd been laid off, it felt like a grief moment. I was in disbelief."

"As I sat in my car outside the factory, it began to settle in. It hit me that I'd spent five years here, bonding with coworkers and camping in this parking lot," he said.

# Self-made millionaire Ramit Sethi says 'invest 10% of your salary every year'. Here's why



**NEW DEIHI, (Agency).** Self-made millionaire Ramit Sethi shared advice for young professionals that can help them become millionaires. He said, "Invest 10 percent of your salary every year. And at the end of the year, increase that by 1 percent. Do this for as long as you can and you will be a multimillionaire."

Suggesting that if you are new to investing you could start with low-cost index funds and follow the stock performance of big companies, he said, "By investing in an index fund, your money is spread across a wide range of companies, which automatically diversifies your portfolio. And since index funds are passively managed and simply aim to mimic a market index's performance and returns, they tend to have lower costs than actively managed funds."



# फैक्ट्री में लगी भीषण आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आज सुबह पोलोग्राउंड स्थित एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई, जिससे हडक़ंप मच गया। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक आग में पूरी फैक्ट्री जल गई थी। जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार सुबह पोलोग्राउंड स्थित थिनर की फैक्ट्री में  हुई। यहां पर आग लगने पर आसपास के फैक्ट्री वाले दहशत में आ गए। तत्काल आग की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। जब तक फायर ब्रिगेड की गाडिय़ां और दमकलकर्मी मौके पर पहुंचते, आग ने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया था। आते ही दमकलकर्मियों ने चारों ओर से पानी डालकर कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाया। माना जा रहा है कि यहां पर शार्ट शर्किट से आग लगी थी। आग इतनी भयानक थी की पूरी फैक्ट्री जलकर खाक हो गई। आग में लाखों रुपए के नुकसान की बात कही जा रही है।

## पति और सौतन ने पीट दिया

इंदौर। गांधीनगर इलाके में एक महिला के साथ उसके पति और सौतन ने मारपीट की है। पति आए दिन महिला को परेशान भी करता है। उसने विरोध किया तो हमला कर दिया। गांधीनगर थाने में रजनी मोरी निवासी बड़ा बांगड़दा गांधीनगर की शिकायत पर उसके पति सुरेश मोरी और अनिता के खिलाफ  मुकदमा दर्ज किया गया है। रजनी ने बताया कि पति सुरेश के अन्य महिला से संबंध है और वह उसी के साथ रहता है। आए दिन रजनी को परेशान करता है, रजनी के कमरे की लाइट काट देता है। सुरेश ने यही हरकत की तो रजनी ने विरोध किया । इसी बात को लेकर विवाद हो गया । विवाद के चलते सुरेश और अनिता ने उसे जमकर मारा पीटा। घायल हालत में रजनी पुलिस की शरण में पहुंची। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

# निगम फर्जीवाड़े में सिद्दीकी को जमानत नहीं

## आवेदन खारिज, उम्र और दिल की बीमारी का दिया था हवाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम फर्जी बिल कांड के आरोपी मो.सिद्दीकी को जिला न्यायालय से जमानत नहीं मिली। विशेष न्यायाधीश डीपी मिश्रा ने उसकी ओर से प्रस्तुत जमानत आवेदन निरस्त कर दिया। सिद्दीकी ने आवेदन में कहा था कि वह 75 वर्षीय बुजुर्ग है और दिल की बीमारी से पीड़ित है।**

अतिरिक्त लोक अभियोजक श्याम दांगी ने इसका विरोध किया और तर्क रखा कि आरोपी फर्जीवाड़े में हिस्सेदार है। उसने अन्य आरोपितों के साथ संगमत होकर फर्जी बिल प्रस्तुत किए और करोड़ों रुपये भुगतान प्राप्त भी कर लिया। मामले की जांच जारी है और इस बात की आशंका है कि आरोपित ने इस तरह का फर्जीवाड़ा कई जगह किया है। अगर उसे जमानत का लाभ दिया गया तो समाज में अच्छा संदेश नहीं जाएगा और जमानत पर रिहा होने के बाद आरोपित अपने संपर्कों का इस्तेमाल कर साक्ष्य से छेड़छाड़ कर सकता है। न्यायालय ने तर्कों से सहमत होकर जमानत आवेदन निरस्त कर दिया।

## ब्राउन शुगर के साथ धराया

**इंदौर**। आपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने एक आरोपी को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी सलमान पिता अकील खान,बड़ला खजराना में रहता है। वह ब्राउन शुगर की पुडिया बनाकर नशेडिय़ों को सप्लाय करता था। आरोपी ने ये ब्राउन शुगर प्लास्टर के नीचे छिपाकर रखी थी। खजराना पुलिस टीम द्वारा दरगाह मैदान नाहर शाह वली में एक संदिग्ध को पकड़ा। जिसके हाथ पर एवं पैर पर प्लास्टर चढा था। संदिग्ध की चेकिंग करने पर वह अपने हाथ को बार-बार पीछे कर छुपा रहा था । पुलिस टीम को शंका होने पर उक्त व्यक्ति के प्लास्टर चढ़े हाथ को चेक करने पर अपने हाथ में एक पारदर्शी पन्नी के अंदर ब्राउन शुगर छुपा रखी थी। आरोपी सलमान पिता अकील खान से 10 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त कर एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज किया। आरोपी सलमान से पूछताछ कर अन्य ड्रग्स तस्करों के बारे में पूछताछ की जा रही है। ये भी पता लगाया जा रहा है कि वह कितने दिनों से ब्राउन शुगर बेच रहा था और वह ये ब्राउन शुगर कहां से लाता था।

## जिलाबदर बदमाश पकड़ाया

**इंदौर**। बदमाश जिला बदर होने के बावजूद घर के नजदीक ही रह रहा था। वह वारदात की नीयत से घूम रहा था। पुलिस को सूचना मिली तो घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। अब रासुका कर जेल भेजा गया है। आजाद नगर पुलिस के मुताबिक बदमाश का नाम गौतम उफ़र् चीनू निवासी इंदिरा एकता नगर मूसाखेड़ी है। गौतम के आपराधिक रिकार्ड के चलते उसे पिछले दिनों जिला बदर किया गया था।  बावजूद इसके वह घर आकर रहने लगा। रविवार को वह इलाके में किसी वारदात की नीयत से घूम रहा था। मुखबिर ने उसके बारे में सूचना दी तो शिवनगर मूसाखेड़ी से उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया उसे जेल भेज दिया गया है।

## दो फ्लैट में चोरी

**इंदौर।** तिलक नगर स्कूल के पीछे स्थित सांईनाथ एनक्लेव के दो फ्लेट में चोरी होने की सूचना है। तीसरी मंजिल पर रहने वाले महेश बागरे के सूने फ्लेट पर चोरों ने धावा बोला। परिवार गुडग़ांव में रहने वाले बेटे से मिलने गए हुए है। परिजनों के अनुसार कुछ नगदी और जेवरात चोरी हुए है। इसी फ्लेट के सामने स्थित दूसरे फ्लेट के ताला टूटने की जानकारी भी मिली है। पुलिस का कहना है कि चोरी की सूचना प्राप्त हुई है लेकिन मामले की जांच की जा रही है। परिवार के इन्दौर आने के बाद पूरी जानकारी मिलेगी।

## अपहरण कर नाबालिग से रेप का आरोपी बंदी

**इंदौर।** राऊ पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। राऊ थाना प्रभारी राजपाल राठौर ने बताया कि फरियादी ने 21 मई को सूचना दी कि मैं नालछा जिला धार शादी में गया था अगले दिन शाम को शादी से लौटा तो मेरी नाबालिग लडक़ी घर पर नहीं थी। अपहरण सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।  25 मई को नाबालिग लडकी को राऊ पुलिस ने दस्तयाब कर लिया। जब टीआई ने किशोरी से बातचीत की तो उसने बताया कि रोहित पिता रूपसिंह चौहान निवासी महेश्वर शादी का प्रलोभन देकर उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया जंहा उसके साथ कई बार उसने गलत काम किया। इस पर पुलिस ने आरोपी रोहित के खिलाफ  दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी रोहित चौहान को गिरफ्तार कर लिया है।

# ग्राहक बनकर सोने की अंगुठियां उड़ाने वाले पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। खरीददार बनकर दुकान पर पहुंचे ईरानी गैंग के दो सदस्य सोने की अंगूठियां लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने हाईटेक तरीके से इनवेस्टीगेशन करते हुए ईरानी गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की गई सोने की 19 अंगूठियां बरामद की है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। कई अन्य वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

10 मई को भाविका ज्वेलर्स नामक सुनार की दुकान पर दो अज्ञात ईरानी व्यक्ति सोने से बने आभूषण खरीदने का बोलकर आये और दुकानदार को अपनी बातों के जाल में उलझाकर सुनार की दुकान के बाक्स से चालाकी से सोने की अंगूठियों से भरी एक पालिथिन को चुरा कर ले गये थे। बाणगंगा पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरु की,आरोपियों की तलाश के लिये टीम को इन्दौर व दूसरे शहरों में विभित्र थाना क्षेत्रों में रवाना किया गया था। पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी जांच के आधार पर घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों जाकिर हुसैन अली निवासी भानपुर थाना छोला मन्दिर, भोपाल, अमजद अली निवासी  खान मोहल्ला, हुसैन टेकरी के पास थाना जावरा, रतलाम को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से चोरी की 19 नग सोने की अंगूठियां बरामद की गयी है। आरोपियों से चोरी की अन्य सोने की अंगूठियों व अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक